# BHADOHI POLICE

## प्रेस-नोट

**सराहनीय कार्य, जनपद भदोही** **दिनांक-13.03.2025**

**◆DCM ट्रक वाहन सहित भारी मात्रा में जर्दा व पान मसाला चोरी/गायब करने की घटना में शामिल वांछित अभियुक्त गिरफ्तार**

**◆कब्जे से खर्च के उपरांत शेष बचा हुआ ₹1,000/- नगद बरामद**

**◆पूर्व में जनपदीय पुलिस द्वारा वाहन सहित पान मसाला चोरी/गायब करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, निशानदेही पर डीसीएम ट्रक व सफेद बोरियों में 27 बॉक्स जर्दा व 101 बॉक्स पान मसाला तथा पान मसाला व जर्दा बिक्री का ₹48,500/- नगद किया गया था बरामद**

**◆गिरोह में शामिल शेष अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा किया जा रहा प्रयास**

दिनांक 7/8.03.2025 की रात्रि में श्री सुजीत कुमार सिंह निवासी नोएडा ट्रांसपोर्टर एटीएस लॉजिस्टिक प्रोपराइटर द्वारा थाना कोइरौना पर सूचना दिया गया कि उनकी ट्रांसपोर्ट कंपनी का चालक दिनांक-27.02.2025 को कानपुर से पान मसाला व जर्दा लोड कर कोलकाता के लिए निकला था, लेकिन वहां नहीं पहुंचा है। चालक का मोबाइल नंबर स्विच ऑफ बता रहा है। ट्रक वाहन में लगे जीपीएस से वाहन का लोकेशन थाना कोईरौना, जनपद भदोही होने की जानकारी हो रही है। उक्त सूचना पर तत्समय ही थाना कोईरौना पर मु0अ0सं0-42/2025 धारा-316(5) भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पंजीकृत अभियोग में वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक 13.03.2025 को थाना कोईरौना पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त चोरी की घटना में शामिल वांछित अभियुक्त राजधर यादव पुत्र लौधर यादव निवासी सूर्यभानपुर थाना कोइरौना जनपद भदोही को ग्राम चंदापुर के पास से गिरफ्तार कर कब्जे से खर्च के उपरांत शेष बचा हुआ ₹1,000/- नगद बरामद किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में दिनांक-08.03.2025 को पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए डीसीएम ट्रक वाहन सहित पान मसाला व जर्दा चोरी/बिक्री करने वाले गिरोह में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, अभियुक्तों के निशानदेही पर डीसीएम ट्रक व अलग-अलग सफेद बोरियों में 27 बॉक्स जर्दा व 101 बॉक्स पान मसाला तथा पान मसाला व जर्दा बिक्री का ₹48,500/- नगद बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के

आधार पर पंजीकृत अभियोग में धारा-316(3), 318(4), 317(2) व 61(2) बी.एन. एस. की बढ़ोत्तरी किया गया।

गिरोह में शेष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा वांछित अभियुक्त का नाम व पता**

राजधर यादव पुत्र लौधर यादव निवासी सूर्यभानपुर थाना कोइरौना जनपद भदोही

**यह हुआ बरामद-**

खर्च के उपरांत शेष बचा हुआ ₹1,000/- नगद

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

श्री छोटक यादव, प्रभारी निरीक्षक कोईरौना, उ0नि0 अशोक सिंह, उ0नि0 राजेंद्र प्रसाद यादव व मुख्य आरक्षी छट्टूलाल गुप्ता थाना कोईरौना जनपद भदोही

